पंजाब केसरी
THU,05 NOVEMBER 2026
EDITION: HIMACHAL , PAGE NO. 6

स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला में 1,146 निजी स्कूलों के आवेदनों पर जांच शुरू

धर्मशाला, 4 नवम्बर (सुनील): हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा शैक्षणिक सत्र 2027-28 के लिए निजी स्कूलों की संबद्धता प्रक्रिया के तहत प्राप्त आवेदनों पर नियमानुसार कार्रवाई शुरू कर दी गई है।



बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि प्रदेश के विभिन्न निजी स्कूलों से कुल 1,146 स्कूलों ने संबद्धता के लिए अपना आवेदन जमा करवाया है।

बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि प्राप्त आवेदनों में से 50 स्कूलों ने नई संबद्धता, 44 स्कूलों ने संबद्धता के उन्नयन तथा 1,043 स्कूलों ने पुरानी संबद्धता के नवीनीकरण के लिए आवेदन किया है। इसके अलावा 9 स्कूलों ने 3 से 5 वर्षों की लंबी अवधि के लिए संबद्धता हेतु आवेदन जमा किया है।

डॉ. राजेश शर्मा ने कहा कि प्राप्त सभी आवेदनों की जांच बोर्ड द्वारा निर्धारित नियमों, शर्तों और मानकों के अनुसार ही पूरी की जा रही है।

दिव्य हिमाचल E-Paper
देवभूमि का सर्वाधिक लोकप्रिय मीडिया

1146 निजी स्कूलों की होगी 'परीक्षा'

क्वालिटी एजुकेशन पर शिक्षा बोर्ड की नजर, 2027-28 सत्र के लिए 50 नए स्कूलों ने मांगी संबद्धता

दिव्य हिमाचल ब्यूरो-धर्मशाला



हिमाचल प्रदेश के निजी स्कूलों में पढ़ाई की गुणवत्ता और बुनियादी सुविधाओं को लेकर स्कूल शिक्षा बोर्ड ने नकेल कसनी शुरू कर दी है। शैक्षणिक सत्र 2027-28 के लिए प्रदेश भर के 1,146 निजी शिक्षण संस्थानों ने हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड से जुड़ने, अपनी मान्यता को आगे बढ़ाने और स्कूल का दर्जा ऊंचा करने (अपग्रेडेशन) के लिए दावेदारी पेश की है। खास बात यह है कि इस बार 50 नए निजी स्कूलों ने बोर्ड के साथ अपनी शैक्षणिक यात्रा शुरू करने के लिए दस्तक दी है। आवेदन की समय-सीमा समाप्त होने के बाद अब गेंद बोर्ड के पाले में है और इन सभी स्कूलों को मान्यता की मुहर लगवाने के लिए बोर्ड के कड़े मानकों की अग्निपरीक्षा से गुजरना होगा। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि आगामी शैक्षणिक सत्र (2027-28) के लिए संबद्धता, नवीनीकरण और उन्नयन हेतु आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर, 2026 निर्धारित की गई थी। तय समय-सीमा के भीतर प्रदेश के निजी स्कूलों ने भारी उत्साह दिखाया है। सबसे अधिक 1,043 स्कूलों ने अपनी पूर्व संबद्धता के नवीनीकरण के लिए आवेदन किया है। वहीं, 44 ऐसे स्कूल भी हैं जो अब अगली कक्षाओं का संचालन करना चाहते हैं और उन्होंने उन्नयन के लिए अर्जी लगाई है। हर साल संबद्धता के झंझट से बचने के लिए इस बार नौ निजी स्कूलों ने तीन से पांच वर्षों की लंबी अवधि की एकमुश्त संबद्धता के लिए आवेदन किया है। इसके अलावा, प्रदेश के 57 निजी स्कूल ऐसे हैं, जिन्हें सत्र 2027-28 के लिए बोर्ड से पहले ही संबद्धता प्राप्त है।

मानकों से नहीं होगा समझौता

आवेदन प्रक्रिया पूरी होने के बाद अब बोर्ड प्रशासन इनकी छंटनी और जांच में जुट गया है। बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने स्पष्ट किया है कि प्राप्त आवेदनों पर नियमानुसार कार्रवाई शुरू कर दी गई है। संबद्धता देने से पहले यह बारीकी से परखा जाएगा कि संबंधित स्कूलों में खेल मैदान, प्रयोगशाला, प्रशिक्षित स्टाफ और कक्षाओं सहित सभी आवश्यक शैक्षणिक व आधारभूत सुविधाएं मानकों के अनुरूप हैं या नहीं। बोर्ड का मुख्य उद्देश्य प्रदेश में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करना है, जिसके लिए नियमों का कड़ाई से पालन करवाया जाएगा।

- 1043 ने नवीनीकरण और 44 ने अपग्रेडेशन के लिए किया आवेदन

Dainik Jagran Dt. 05-11-2026

शिक्षा बोर्ड से 1146 स्कूलों ने मांगी संबद्धता

धर्मशाला : हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड से शैक्षणिक सत्र 2027-28 के लिए संबद्धता प्राप्त करने और पहले से संबद्ध स्कूलों ने नवीनीकरण व उन्नयन के लिए आवेदन किया है। निर्धारित अंतिम तिथि 31 अक्टूबर तक 1146 स्कूलों ने आवेदन किया है। इनमें 50 स्कूलों ने नई संबद्धता, 44 ने संबद्धता के उन्नयन और 1043 स्कूलों ने नवीनीकरण के लिए आवेदन किया है। नौ स्कूलों ने तीन से पांच वर्ष की अवधि के लिए संबद्धता मांगी है। बोर्ड अध्यक्ष डा. राजेश शर्मा ने बताया कि शैक्षणिक सत्र 2027-28 के लिए निजी स्कूलों से संबद्धता संबंधी आवेदन मांगे थे। आवेदन की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर थी। निर्धारित समयावधि में प्राप्त आवेदनों पर बोर्ड नियमानुसार कार्रवाई कर रहा है। शैक्षणिक सत्र 2027-28 के लिए प्रदेश के 57 स्कूल पहले से ही बोर्ड से संबद्धता प्राप्त कर चुके हैं। संबद्धता की पूरी प्रक्रिया निर्धारित नियमों और मानकों के अनुरूप की जा रही है। इसका उद्देश्य प्रदेश में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के साथ ही स्कूलों में आवश्यक शैक्षणिक और आधारभूत सुविधाओं के मानकों का पालन करवाना है। (जास)

दैनिक सवेरा टाइम्स
अंधेरे से उजाले की ओर...

हिमाचल के 1146 निजी स्कूलों ने बोर्ड संबद्धता के लिए किया आवेदन

50 स्कूलों ने नई संबद्धता, 44 ने अपग्रेडेशन और 1,043 ने नवीनीकरण के लिए भरे फॉर्म, 57 स्कूल पहले से संबद्ध

सवेरा न्यूज/यशपाल सिंह

धर्मशाला, 4 नवंबर : हिमाचल प्रदेश में शैक्षणिक सत्र 2027-28 के लिए स्कूल शिक्षा बोर्ड से संबद्धता प्राप्त करने की प्रक्रिया में 1,146 निजी स्कूलों ने आवेदन किया है। इनमें नई संबद्धता, पुरानी संबद्धता के नवीनीकरण और स्कूलों के स्तर को उन्नत करने के लिए आवेदन शामिल हैं। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 अक्तूबर, 2026 निर्धारित की गई थी। उन्होंने बताया कि निर्धारित समय सीमा तक 50 स्कूलों ने नई संबद्धता (फ्रेश एफिलिएशन) के लिए आवेदन किया है, जबकि 44 स्कूलों ने संबद्धता के उन्नयन (अपग्रेडेशन) और 1,043 स्कूलों ने पूर्व में प्राप्त संबद्धता के नवीनीकरण के लिए आवेदन किया है। इसके अतिरिक्त नौ स्कूलों ने तीन से पांच वर्षों की अवधि के लिए संबद्धता प्राप्त करने हेतु आवेदन किया है। डॉ. शर्मा के अनुसार शैक्षणिक सत्र 2027-28 के लिए प्रदेश के 57 स्कूल पहले से ही हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड से संबद्धता प्राप्त कर चुके हैं। निर्धारित तिथि तक प्राप्त सभी आवेदनों पर बोर्ड की ओर से नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है।

नियमों और सुविधाओं के मानकों की होगी जांच : बोर्ड अध्यक्ष ने कहा कि संबद्धता की पूरी प्रक्रिया निर्धारित नियमों और मानकों के अनुसार संपन्न की जा रही है। इसका उद्देश्य प्रदेश में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के साथ स्कूलों में आवश्यक शैक्षणिक और आधारभूत सुविधाओं के निर्धारित मानकों का पालन करवाना है। संबद्धता प्रक्रिया के दौरान संस्थानों की पात्रता और निर्धारित शर्तों को ध्यान में रखते हुए नियमानुसार निर्णय लिया जाएगा।

शैक्षणिक सत्र 2027-28 के लिए 1,146 स्कूलों ने संबद्धता हेतु किया आवेदन

धर्मशाला, (आपका फैसला)। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि शैक्षणिक सत्र 2027-28 के लिए प्रदेश के विभिन्न निजी स्कूलों को बोर्ड से संबद्धता प्राप्त करने एवं पूर्व में प्राप्त संबद्धता के नवीनीकरण व उन्नयन हेतु आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 अक्तूबर, 2026 निर्धारित की गई थी। उन्होंने बताया कि निर्धारित तिथि तक 50 स्कूलों ने नई संबद्धता, 44 स्कूलों ने संबद्धता के उन्नयन तथा 1,043 स्कूलों ने संबद्धता के नवीनीकरण के लिए आवेदन किया है। इसके अतिरिक्त, 9 स्कूलों ने 3 से 5 वर्षों की अवधि के लिए संबद्धता हेतु आवेदन किया है। डॉ. शर्मा ने बताया कि शैक्षणिक सत्र 2027-28 के लिए 57 स्कूल पहले से ही हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड से संबद्धता प्राप्त हैं। उन्होंने बताया कि निर्धारित तिथि तक आवेदन करने वाले स्कूलों के आवेदनों पर बोर्ड द्वारा नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि बोर्ड द्वारा संबद्धता की प्रक्रिया निर्धारित नियमों एवं मानकों के अनुसार पूरी की जा रही है, ताकि प्रदेश में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के साथ-साथ शिक्षण संस्थानों में आवश्यक शैक्षणिक एवं आधारभूत सुविधाओं के निर्धारित मानकों का पालन भी सुनिश्चित किया जा सके।

शैक्षणिक सत्र 2027-28 के लिए 1,146 स्कूलों ने संबद्धता हेतु किया आवेदन

Devbhoomi mirror
Dt: 05/11/2026

देवभूमि मिरर/धर्मशाला

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि शैक्षणिक सत्र 2027-28 के लिए प्रदेश के विभिन्न निजी स्कूलों को बोर्ड से संबद्धता प्राप्त करने एवं पूर्व में प्राप्त संबद्धता के नवीनीकरण व उन्नयन हेतु आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर, 2026 निर्धारित की गई थी। उन्होंने बताया कि निर्धारित तिथि तक 50 स्कूलों ने नई संबद्धता (Fresh Affiliation), 44 स्कूलों ने संबद्धता के उन्नयन (Upgradation) तथा 1,043 स्कूलों ने संबद्धता के नवीनीकरण (Renewal of Affiliation) के लिए आवेदन किया है। इसके अतिरिक्त, 9 स्कूलों ने 3 से 5 वर्षों की अवधि के लिए संबद्धता हेतु आवेदन किया है। डॉ. शर्मा ने बताया कि शैक्षणिक सत्र 2027-28 के लिए 57 स्कूल पहले से ही हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड से संबद्धता प्राप्त हैं। उन्होंने बताया कि निर्धारित तिथि तक आवेदन करने वाले स्कूलों के आवेदनों पर बोर्ड द्वारा नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि बोर्ड द्वारा संबद्धता की प्रक्रिया निर्धारित नियमों एवं मानकों के अनुसार पूरी की जा रही है, ताकि प्रदेश में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के साथ-साथ शिक्षण संस्थानों में आवश्यक शैक्षणिक एवं आधारभूत सुविधाओं के निर्धारित मानकों का पालन भी सुनिश्चित किया जा सके।

डिजिटल अख़बार
पहली नजर
सबसे पहले, सबसे तेज
पहली नजर
आज की ताजा ख़बर देखते रहिए डिजिटल न्यूज़ पेपर पहली नजर के साथ
04 नवंबर, 2026 www.pehalinazar.com pehalinazarhp@gmail.com


शैक्षणिक सत्र 2027-28 के लिए 1,146 स्कूलों ने संबद्धता हेतु किया आवेदन

आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर, 2026

मोनिका शर्मा धर्मशाला

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि शैक्षणिक सत्र 2027-28 के लिए प्रदेश के विभिन्न निजी स्कूलों को बोर्ड से संबद्धता प्राप्त करने एवं पूर्व में प्राप्त संबद्धता के नवीनीकरण व उन्नयन हेतु आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर, 2026 निर्धारित की गई थी।

उन्होंने बताया कि निर्धारित तिथि तक 50 स्कूलों ने नई संबद्धता (फ्रेश एफिलिएशन), 44 स्कूलों ने संबद्धता के उन्नयन (अपग्रेडेशन) तथा 1,043 स्कूलों ने संबद्धता के नवीनीकरण (रिन्यूअल ऑफ एफिलिएशन) के लिए आवेदन किया है। इसके अतिरिक्त, 9 स्कूलों ने 3 से 5 वर्षों की अवधि के लिए संबद्धता हेतु आवेदन किया है।



डॉ. शर्मा ने बताया कि शैक्षणिक सत्र 2027-28 के लिए 57 स्कूल पहले से ही हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड से संबद्धता प्राप्त हैं। उन्होंने बताया कि निर्धारित तिथि तक आवेदन करने वाले स्कूलों के आवेदनों पर बोर्ड द्वारा नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है।

मानकों के अनुसार की जा रही है संबद्धता की प्रक्रिया

उन्होंने कहा कि बोर्ड द्वारा संबद्धता की प्रक्रिया निर्धारित नियमों एवं मानकों के अनुसार पूरी की जा रही है, ताकि प्रदेश में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के साथ-साथ शिक्षण संस्थानों में आवश्यक शैक्षणिक एवं आधारभूत सुविधाओं के निर्धारित मानकों का पालन भी सुनिश्चित किया जा सके।